HPL(HIGH PRESSURE LAMINATE) 12MM FOR TOILET CUBICLE



PRINCE POLO
Mob:8422984733



Carpenter's monthly newspaper

www.carpentersnews.com

# कारपेंटर्स न्यूज

R.N.I.No.MAHHIN/2005/16460 | Postel Regd. No. MCW/321/2022-24
Posted at Delisle Road, Mumbai-400013. On 20th of Every month | Published on Every 10 th day of the month

मासिक समाचार पत्र

मुंबई | जनवरी 2024 | वर्ष : 19 | अंक : 02 | पृष्ठ : 16 | मूल्य : 2 रुपए



पीएम विश्वकर्मा योजना कारीगरों के लिए आत्मनिर्भर की कुंजी ... पेज - 2



Since 1986

Suzu®

An ISO 9001:2015 Certified Company | CE Certified

37 Growing Years

INDIA'S 1ST STAINLESS STEEL SHACKLE Padlocks •••Series•••

INDIA'S 1ST S.S HINGES MANUFACTURER Hinges •••Series•••

GLORIOUS RANGE OF
PREMIUM HARDWARE & BATH FITTINGS
PRODUCTS




Excellence in Security Hardware and Locking Solutions Award 2023

Manufacturer & Exporters of Hinges | Screws | Door Hardware | Locks | PTMT BATH FITTINGS

Padlocks | Butt Hinges | Aldrops | Screws | Door And Window Fittings | Cabinet Hinges | Door Closers | Mortise Handles | MPL Locks | Shutter Locks
Godown Locks | Main Door Locks | PTMT Taps | Toilet Seat Covers | ISI Flushing Cisterns, Mirror Cabinets | Bathroom Fittings | PTMT Accessories Etc.

www.suzusteel.com | www.suzu.in | Follow us on :

+91-9811242777, +91-9911118272

# पीएम विश्वकर्मा योजना कारीगरों के लिए आत्मनिर्भर की कुंजी



**मुंबई। भाजपा मुंबई उपाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी ने कहा कि देश के कारीगरों को अब आत्मनिर्भर बनाने का समय आ गया है। पीएम विश्वकर्मा योजना कारीगरों के लिए आत्मनिर्भर की कुंजी है, इस महत्वाकांक्षी योजना में सभी कारीगरों को भाग लेकर व्यवसाय के साथ जीवन को समृद्ध बनाने का अवसर मिलेगा।**

अंधेरी (पूर्व) स्थित गुंदवली मनपा स्कूल सभागृह में राणा विश्वकर्मा सेवा समिति की ओर से आयोजित झारखंड प्रवासी महासम्मेलन में त्रिपाठी ने कहा कि विश्वकर्मा समाज को कारीगरी ईश्वरीय देन है, इनके बिना सुखमय जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। इमारत निर्माण से लेकर घर की आंतरिक साज सज्जा विश्वकर्मा समाज की द्वारा ही किया जाता है। समारोह में संस्था की ओर से मुंबई में रहने वाले झारखंड प्रवासियों के लिए किये जा रहे कार्यों के बारे में बताया गया। संस्था के अध्यक्ष रामजीवन राणा, उपाध्यक्ष संजय शर्मा, सचिव कामदेव राणा व कार्याध्यक्ष प्रेम राणा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर संस्था के दिनदर्शिका का विमोचन भी किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत गायक मुकेश त्रिपाठी व गायिका रागिनी प्रजापति ने गीत प्रस्तुत किया।

# गोदरेज लॉक्स बढ़ाएगी हिस्सेदारी

**मुंबई।** गोदरेज समूह की प्रमुख कंपनी गोदरेज एंड बॉयस ने गोदरेज लॉक्स का हिस्सेदारी उल्लेखनीय रूप से बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए डिजिटल लॉकिंग समाधानों को निरंतर विस्तार कर रही है। 125 वर्ष से अधिक पुराने ब्रांड को उम्मीद है कि 25 से अधिक नए उत्पादों के साथ वह बाजार पर हावी होगा, जिनमें से 50 प्रतिशत से अधिक जंप एंड लीप इनोवेशन से आएंगे। उन्नत सुरक्षा के साथ स्मार्ट होम तकनीक और डिजिटल होम सुरक्षा समाधानों को अपनाने के साथ गोदरेज लॉक्स इस विशेष श्रेणी को बढ़ाने पर अपना ध्यान केंद्रित कर रहा है। बिजनेस हेड श्याम मोटवानी के अनुसार कंपनी डिजिटल होम सुरक्षा समाधानों की ओर बदलाव का नेतृत्व करेगा।

Godrej | LOCKING SOLUTIONS AND SYSTEMS

# भीलवाड़ा में लगेगा एशिया का तीसरा सबसे बड़ा ग्लास प्लांट

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा-चित्तौड़गढ़ के बीच सोनियाणा में 1300 करोड़ रुपए की लागत से एशिया का तीसरा बड़ा ग्लास प्लांट लगाया जाएगा। इसमें हवाई जहाज, मेट्रो ट्रेन के साथ ही चौपहिया वाहनों व ऑटोमोबाइल्स इंडस्ट्री व अन्य में इस्तेमाल होने वाले ग्लास बनेंगे। रोजाना करीब 800 टन ग्लास का उत्पादन होगा। इससे 500 लोगों को प्रत्यक्ष व 2 हजार से अधिक को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। प्लांट में उत्पादन इसी साल दिवाली तक शुरू होने के आसार है। रीको के सोनियाणा इंडस्ट्रीज एरिया में टेक्सटाइल और स्टोन इंडस्ट्रीज प्रोजेक्ट नहीं चलने के बाद सरकार ने यहां सिरेमिक एंड ग्लास इंडस्ट्रीज जोन को मंजूरी दी। यह प्लांट 3 लाख 67 हजार 500 वर्ग मीटर में स्थापित करने का सिविल वर्क चल रहा है।



## कच्चा ग्लास होगा तैयार, फिर प्रोसेसिंग

फ्रांस की कंपनी का यह भारत में तीसरा प्लांट है। इस कंपनी के तमिलनाडु के पेराम्बदूर व गुजरात के जागड़िया में पहले से ऑटोमेटिक ग्लास प्लांट चल रहे हैं। भीलवाड़ा प्लांट में तैयार ग्लास पहले कच्चे माल जैसा होगा। उसे गुजरात की प्रोसेसिंग यूनिट में भेजा जाएगा। उसके बाद बाजार में उतारा जाएगा। यहां होने वाला उत्पादन कार्बन मुक्त होगा। प्लांट में कांच बनाने के लिए नेचुरल गैस का इस्तेमाल होगा। तरल ग्लास तैयार कर शीट्स बनेंगी। ग्लास बनाने में बरसाती पानी उपयोग में लेंगे। यह उद्योग ईको फ्रेंडली होगा। इस प्लांट में टूटे ग्लास काम में लिए जाएंगे। ग्लास टूटने के बाद उसे कचरे में फेंकने से प्रदूषण बढ़ता है। कच्चे माल के रूप में सिलिका सैंड, डोलोमाइट, लाइम स्टोन, फेल्सपार का उपयोग होगा। इनमें कई खनिज भीलवाड़ा में मिलेंगे जबकि अन्य बूंदी, राजसमन्द, सिरोही आदि से मंगाए जाएंगे।



# कारपेंटर्स न्यूज़

RNI NO. MAHHIN/2005/16460

संपर्क करें : Mo. 9320566633 / 7588951633 | Email: carpentersnews@gmail.com

हमें फॉलो करें : Facebook.com/carpentersnews | Telegram: https://t.me/carpenters_news

मुंबई | जनवरी 2024 | वर्ष : 19 | अंक : 02 | पृष्ठ : 16 | मूल्य : 2 रुपए




श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं समेत सभी शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं

– संपादक




# व्यर्थ के उलझाव व टकराव से बचने का प्रयास करें - हरि चैतन्यपुरी

**मुंबई। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी महाराज ने कहा कि यथासंभव व्यर्थ के उलझाव व टकराव से सदैव बचने की कोशिश करें। संसार में किसी को छोटा तथा हीन समझकर कभी तिरस्कार नहीं करें। गोरेगांव (पश्चिम) स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल हॉल में आयोजित दिव्य अमृतवाणी समारोह में भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए हरि चैतन्यपुरी ने कहा कि कोई भी कार्य महानता के कार्य करें लेकिन स्वयं को महान नहीं समझें। जिसमें जितना अधिक बड़प्पन आता है वह उतना ही विनम्र व सरल हो जाता है। अभिमान चाहे रूप, धन, ताकत, वैभव, जाति, पद आदि का कोई भी क्यों न हो प्रभु प्राप्ति में सर्वाधिक बाधक है। मधुमक्खी की तरह गुण ग्राहक बनो। हर स्थान, घटना, क्रिया या परिस्थिति से कोई शिक्षा या प्रेरणा लें। दोष दूसरों के नहीं अपने देखें और सुधारें। प्रतिष्ठा के विरुद्ध कोई कार्य न करने का प्रयास करें। प्रिय सत्य ही सदैव बोलें। विचार करें कि आखिर ईश्वर ने हमारे आंख, कान, हाथ, पैर इत्यादि शरीर के अंगों को दो भागों में विभाजित क्यों किया और जीभ एक ही क्यों रखी। वाणी का सर्वाधिक महत्व है इससे शत्रुता को प्रेम में व प्रेम को शत्रुता में बदला जा सकता है। यह आदर भी व अनादर भी करा सकती है। स्पष्ट, संतुलित, संयमित और मृदुभाषी बनें।**



उन्होंने कहा कि मुक्ति मृत्यु के बाद नहीं जीवन के रहते ही प्राप्त करनी है। दोषों, विकारों, बुरे व्यसनों, अंधविश्वास, राग, द्वेष, वैर- विरोध मतभेद इत्यादि से जीवन रहते ही मुक्त होना है। अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष जीवन के चारों पुरुषार्थ प्रभु स्मरण करते हुए कर्तव्य परायण होकर प्राप्त करें। अपनी कुतर्क बुद्धि को दबाकर रखें। भक्ति तो भावना प्रधान है, भक्ति में मन, वाणी या बुद्धि से भी तर्क की गुंजाइश नहीं है। ज्ञान में तर्क को स्थान हो सकता है कुतर्क का नहीं। ईश्वर ही सत्य है समस्त संसार मिथ्या है। उन्होंने कहा कि संत तो संतता के गुणों से हैं न कि बाहरी वेशभूषा दिखावा इत्यादि से। साधु, भक्त या महात्मा बनकर जो लोगों को धोखा देते हैं वे स्वयं को धोखा देते हैं। किसी भी स्थिति, अवस्था, प्राणी, पदार्थ, वस्तु आदि से जो सुख की आशा रखता है वह कभी सुखी नहीं हो सकता वह सदा निराश ही रहेगा व दुखी रहेगा। सच्चा सुख तो परमात्मा की शरण में ही है। अमृतवाणी समारोह में मुंबई भाजपा के वरिष्ठ नेता आर. यू. सिंह, पूर्व उप महापौर दिलीप पटेल, पूर्व नगरसेवक संदीप पटेल, दीपक ठाकुर, जितेंद्र सिंह आदि सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

## जायका इंडिया का




**एक या एक से ज्यादा दालों को मिलाकर बनाने से ना सिर्फ उनका स्वाद बढ़ जाता है बल्कि ये काफी पौष्टिक भी हो जाती हैं। आमतौर पर घरों में उड़द और चने की दाल अलग-अलग बनाई जाती हैं, लेकिन अगर इन दोनों दालों का कॉम्बिनेशन कर तैयार किया जाए तो इसका स्वाद काफी बढ़ जाता है। इतना ही नहीं इसका अलग स्वाद एक जैसे जायके को बदलने के भी काम आता है।**

**सामग्री** - उड़द दाल 2 कटोरी, चना दाल 1 कटोरी, प्याज बारीक कटे 2, टमाटर 2, हरी मिर्च 3-4, लहसुन कुटा 7-8 कलियां, जीरा 1 टीस्पून, कश्मीर लाल मिर्च 1 टीस्पून, हल्दी 1 टी स्पून, हरा धनिया कटा 1/2 कप, घी 3 टी स्पून, नमक स्वादानुसार

**विधि** - उड़द चना मिक्स दाल बनाने के लिए सबसे पहले उड़द और चने की दाल को लें। इन्हें अच्छी तरह से धो लें। अब प्याज, टमाटर को बारीक काट लें, वहीं हरी मिर्च को लंबा काट लें। अब कुकर में दोनों दालें और थोड़ा सा प्याज, टमाटर डालकर मिला दें। इसके बाद इसमें हल्दी, लाल मिर्च पाउडर, स्वादानुसार नमक और पानी डालकर कुकर का ढक्कन लगा दें। अब कुकर को गैस पर चढ़ाकर 3 - 4 सीट होने दें। इसके बाद गैस को बंद कर दें और कुकर का प्रेशर अपने आप रिलीज होने दें। जब तक दाल ठंडी हो रही है तब तक एक कड़ाही में घी डालकर उसे मीडियम आंच पर गर्म करने के लिए रख दें। जब घी गर्म होकर पिघल जाए तो उसमें जीरा और हरी मिर्च डाल दें। कुछ सेकंड तक भूनने के बाद इसमें बाकी बचा प्याज डालकर भूनें। अब इस मिश्रण में लहसुन की कलियां कूटकर डाल दें, फिर कश्मीरी लाल मिर्च डालकर मसाले को अच्छी तरह से भूनें।

इस बीच कुकर ठंडा होने के बाद उसमें से दाल निकालें और कड़ाही में डालकर करछी की मदद से मसाले के साथ अच्छे से मिक्स करें। अब इसमें जरूरत के मुताबिक पानी मिला दें और दाल को 8-10 मिनट तक धीमी आंच पर पकने दें। इस दौरान कड़ाही को ढककर पकाएं। जब दाल के दानें एकदम नरम हो जाएं और दाल में उबाल आने लगे तो गैस बंद कर दें और उसमें बारीक कटा हरा धनिया डाल दें। स्वादिष्ट उड़द चना दाल बनकर तैयार हो चुकी है। इसे रोटी, पराठा या चावल के साथ सर्व किया जा सकता है।

## सेहत

# बैंगन : दिल की सेहत को रखे दुरुस्त

बैंगन में कई तरह के विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट गुण मौजूद होते हैं। बैंगन को इग्प्लांट भी कहा जाता है। बैंगन में विटामिन, फाइबर, प्रोटीन, काबोर्हाइड्रेट, मैंगनीज, फोलेट, पोटेशियम आदि पोषक तत्वों से भरपूर होता है। बैंगन में थोड़ी मात्रा में नियासिन, मैग्नीशियम और कॉपर भी होता है। बैंगन में एंटीऑक्सीडेंट प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। हेल्थलाइन की खबर के अनुसार एंटीऑक्सीडेंट फ्री रेडिकल से शरीर को बचाता है। फ्री रेडिकल के कारण शरीर में उत्तकों को नुकसान पहुंचता है। एंटी-ऑक्सीडेंट कई तरह की क्रोनिक बीमारियों से बचाता है। बैंगन में एंथोसायनिन पाया जाता है जो एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर पिगमेंट है। बैंगन दिल की सेहत से लेकर मोटापे की बीमारी को भी दूर करने में मददगार है।



बैंगन में एंटीऑक्सीडेंट गुणों के कारण यह हार्ट संबंधित कई परेशानियों से बचाता है। बैंगन के सेवन से हार्ट अटैक, स्ट्रोक का जोखिम कम हो जाता है। बैंगन ब्लड शुगर को भी कंट्रोल करता है। बैंगन में प्रचुर मात्रा में फाइबर मौजूद होता है, इसलिए यह शुगर के डाइजेशन और अवशोषण की गति को कम कर देता है। शुगर को धीमा अवशोषण के कारण ब्लड शुगर नियंत्रित रहता है। बैंगन में बहुत ज्यादा फाइबर रहता है और कैलोरी भी बहुत कम होती है। इसके कारण यह मोटापे पर लगाम लगाता है। उच्च फाइबर मौजूद होने के कारण यह आपके पेट को लंबे समय तक भरा रखता है, वहीं इसमें पाए जाने वाले सूक्ष्म पोषक तत्व रक्त में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करता है व वजन को बनाए रखने में मदद करता है। बैंगन डाइजेस्टिव सिस्टम को तंदुरुस्त रखता है। बैंगन में फाइबर प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। प्रतिदिन डाइट में बैंगन को शामिल करके कब्ज या पेट से जुड़ी समस्याओं को दूर किया जा सकता है।

# हरीसन लॉक्स कर रही 'मैं अटल हूं' की को-ब्रांडिंग

पंकज त्रिपाठी जल्द ही बायोपिक मैं अटल हूं में नजर आने वाले हैं। इसी महीने 19 जनवरी को यह फिल्म रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म की को-ब्रांडिंग हरीसन लॉक्स कर रही है। फिल्म मैं अटल हूं की एक वीडियो क्लिप में पंकज त्रिपाठी कहते हैं कि अटल की असली पहचान लोगों के प्रति विश्वास है, वैसे ही हरीसन लॉक्स की असली पहचान है आपके घर को सुरक्षित रखे। हरीसन लॉक्स नए जमाने के नए ताले। यह फिल्म पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की बायोपिक पर आधारित है। फिल्म के रिलीज से पहले पंकज त्रिपाठी ने खुलासा किया है कि निमार्ताओं ने सुनिश्चित किया है कि फिल्म किसी प्रोपेगेंडा का हिस्सा नहीं बनेगी। पंकज त्रिपाठी ने फिल्म को लेकर कहा है कि मैं अटल हूं समझदारी और आकर्षक तरीके से बनाई गई है।

पंकज त्रिपाठी इन दिनों अपनी फिल्म के प्रमोशन में जुटे हुए हैं। फिल्म को डायरेक्ट रवि जाधव ने किया है। उन्होंने कहा कि मैं अटल हूं समझदार और आकर्षक तरीके से बनाई गई है। ये अटल जी के जीवन की कहानी है और आजादी के बाद से भारत की यात्रा की भी। चुनाव कैसे होंगे, मतदान कैसे होगा, समाज कैसे बदला। इस बायोपिक का उद्देश्य मनोरंजन के साथ-साथ प्रेरणा देना भी है।



अयोध्या। श्रीराम मंदिर में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां जोरों पर है। गर्भगृह में रामलला को 22 जनवरी को स्थापित कर दिया जायेगा। राम मंदिर की निर्माण तीन मंजिला हो रहा है, जो कि पारंपरिक नागर शैली में बनाया गया है। इसकी पूर्व–पश्चिम 380 फीट, चौड़ाई 250 फीट और ऊंचाई 161 फीट है। मंदिर की प्रत्येक फ्लोर 20 फीट ऊंचा है। इसमें 392 स्तंभ और 44 दरवाजे हैं। मुख्य गर्भगृह में श्री रामलला की मूर्ति होगी और पहली मंजिल पर श्री राम दरबार होगा है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष चंपत राय ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा बताया कि मंदिर का निर्माण 70 एकड़ भूमि के उत्तरी भाग परंपरागत नागर शैली में किया गया है। तीन मंजिला मंदिर के भूतल का काम पूरा हो चुका है, पहली मंजिल निमार्णाधीन है। मंदिर में नृत्य, रंग, सभा, प्रार्थना व कीर्तन मंडप के रूप में पांच मंडप होंगे। मंदिर की प्लिंथ तक पहुंचने के लिए 32 सीढ़ियां चढ़नी होंगी। मंदिर के चारों ओर आयताकार परकोटा है, जिसकी लंबाई 732 मीटर तथा चौड़ाई 14 फीट है। परकोटा के चारों कोनों पर सूर्यदेव, मां भगवती, गणपति व भगवान शिव को समर्पित चार मंदिरों का निर्माण होगा। उत्तरी भुजा में मां अन्नपूर्णा, व दक्षिणी भुजा में हनुमान जी का मंदिर रहेगा। मंदिर के खंभों व दीवारों में देवी देवता तथा देवांगनाओं की मूर्तियां उकेरी जा रही हैं। मंदिर के समीप पौराणिक काल का सीताकूप विद्यमान रहेगा। मंदिर परिसर में प्रस्तावित अन्य मंदिर– महर्षि वाल्मीकि, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य, निषादराज, माता शबरी व ऋषिपत्नी देवी अहिल्या को समर्पित होंगे। दक्षिण पश्चिमी भाग में नवरत्न कुबेर टीला पर भगवान शिव के प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया है, वहां जटायु प्रतिमा की स्थापना की गई है।

# सागौन की लकड़ी से बने हैं राम मंदिर के दरवाजे

मंदिर परिसर में स्वतंत्र रूप से सीवर ट्रीटमेंट प्लांट, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, अग्निशमन के लिए जल व्यवस्था व स्वतंत्र पावर स्टेशन का निर्माण किया गया है, ताकि बाहरी संसाधनों पर न्यूनतम निर्भरता रहे। 25 हजार क्षमता वाले एक दर्शनार्थी सुविधा केंद्र का निर्माण किया जा रहा है, जहां दर्शनार्थियों का सामान रखने के लिए लॉकर व चिकित्सा की सुविधा रहेगी। मंदिर परिसर में स्नानागार, शौचालय, वॉश बेसिन, ओपन टैप्स आदि की सुविधा भी रहेगी। श्रीराम मंदिर का निर्माण पूर्णतया भारतीय परंपरा अनुसार व स्वदेशी तकनीक से किया जा रहा है। पर्यावरण जल संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कुल 70 एकड़ क्षेत्र में 70 प्रतिशत क्षेत्र सदा हरित रहेगा।



## चंद्रपुर की लकड़ी से वन विभाग को मिले 2.25 करोड़

श्रीराम मंदिर के दरवाजों पर बेहद आकर्षक नक्काशी की गई है। इन दरवाजों पर शुभता के प्रतीक उकेरे गये हैं। दरवाजों की वर्कशॉप में काम कर रहे शेखर दास ने बताया कि दरवाजों की डिजाइन में इस बात का खास ध्यान रखा गया है कि भव्यता की झलक इनमें दिखे। साथ ही हिंदू धर्म में जो शुभता के प्रतीक माने जाते हैं, उन चिन्हों को भी इन दरवाजों पर उकेरा गया है। मंदिर में कुल 46 दरवाजे हैं। नौ फीट ऊंचा व सात फीट चौड़े इन दरवाजों पर विशेष तरह की आकृतियां जैसे कलश, सूर्य, चक्र, शंख, गदा और विविध फूल नक्काशी की गई है। इनमें से 14 दरवाजे ऐसे हैं, जिन पर 24 कैरेट सोने की परत चढ़ाई जा रही है। इन दरवाजों पर सोने से कलाकृतियां बनाई गई हैं। राम मंदिर में सभी दरवाजे सागौन की लकड़ी से बनाए गए हैं। राम मंदिर के गर्भगृह तल मंजिल और पहले मंजिल के दरवाजे, मध्यभाग मंडप के दरवाजे, बाहरी मंडप के दरवाजे और खिड़कियों के निर्माण के लिए केवल चंद्रपुर की लकड़ी का उपयोग हुआ है। अब तक 2914.442 घन फुट सागौन की लकड़ी का इस्तेमाल हुआ है। महाराष्ट्र सरकार के फॉरेस्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ऑफ महाराष्ट्र ने अभी तक 2 करोड़ 25 लाख 6 हजार 731 रुपए कीमत की सागौन की लकड़ी अयोध्या भेजी है। चंद्रपुर के बल्लारशाह वाली सागौन की लकड़ी में तेल का प्रमाण अधिक होता है। इससे यह लकड़ी टिकाऊ और दीमक का प्रतिकार करने वाली होती है। तेल की मात्रा अधिक होने के नाते इस सागौन में फिनिशिंग के बाद उसकी चमक बढ़ जाती है। श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने देहरादून के वन अनुसंधान संस्थान से राम मंदिर के निर्माण के लिए उच्च दर्जे की लकड़ी उपलब्ध कराने को लेकर जानकारी हासिल की थी। संस्थान ने चंद्रपुर की सागौन लकड़ी के इस्तेमाल का सुझाव दिया था। इसके बाद उत्तर प्रदेश के वन निगम ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और एल एंड टी ने एफडीसीएम से संपर्क करके सागौन की लकड़ी उपलब्ध कराने का आग्रह किया। ये लकड़ी कई वर्षों तक एक जैसी रहती है और खराब नहीं होती। यही वजह है कि इसकी कीमत काफी ज्यादा है। सागौन की लकड़ी की कीमत 50 हजार रुपये से लेकर एक लाख रुपये प्रति घन मीटर तक होती है। देहरादून स्थित फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट की तरफ से राम मंदिर में सागौन की लकड़ी लगाने का सुझाव दिया गया था। इंस्टीट्यूट ने बताया था कि सबसे मजबूत लकड़ी महाराष्ट्र के चंद्रपुर का टीक वुड है। महाराष्ट्र के सागौन की लकड़ी हजारों वर्षों तक जैसे का तैसा बना रहता है। सागौन की लकड़ी को मध्य प्रांत में टीकवुड के रूप में जाना जाता है।अपनी मजबूती और बेहतर गुणवत्ता के लिए सागौन की लकड़ी हर जगह प्रसिद्ध है। इतना ही नहीं सागौन की लकड़ी में सैकड़ों वर्षों तक दीमक के हमले की कोई संभावना नहीं होती। अब तक दिल्ली की सेंट्रल विस्टा परियोजना व भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की इमारत, सतारा सैनिक स्कूल और डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स स्टेडियम सहित कई प्रमुख परियोजनाओं में महाराष्ट्र की सागौन की लकड़ी का उपयोग किया गया है।



स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक-गंगाराम श्रीराम विश्वकर्मा द्वारा 306, दिघे नगर को आप हाउसिंग सोसायटी, फितवाला रोड, एलफिन्स्टन (वेस्ट), मुंबई-40013 से प्रकाशित एवं एस आर पब्लिकेशन, मोहन अर्जुन कम्पाउंड, गाला नम्बर-8, 9, 10, घर्टनपाढा, वैशाली नगर लास्ट बस स्टॉप, नियर भारत गैस गोडाउन, दहिसर (ईस्ट), मुंबई- 400068 से मुद्रित। संपादक - गंगाराम श्रीराम विश्वकर्मा* RNI NO. MAHHIN/2005/16460 मो. 09320566633. (सभी विवादों का निपटारा न्यायक्षेत्र केवल मुंबई न्यायालय के अधीन होगा. *पी. आर. बी. अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)


NIKHIL
ADHESIVES LTD.
Mahacol
SINCE 1971
अयोध्या राम मंदिर
प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024
MP
PV STICK
JALVEER
MICA SPECIAL
MAHAQUICK
N3
HEATFIT
German Technology


Link
50 YEARS OF TRUST
कारपेंटर भाइयों
का 50 वर्षों का भरोसा
हिंज
पैड लॉक
SMART 65
DOUBLE LOCKING
मोर्टाइज हैंडल
रिम लॉक
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
टोल फ्री नंबर : 1800-547-4559
ईमेल : support@linklocks.com
www.linklocks.com
amazon
meesho
blinkit
moglix


HARRISON
हरीसन
26
जनवरी
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
Mr. आनंद
लक्की विनर्स
सुविधा स्कीम के तहत
कारपेंटर भाईओ
के लिए
आकर्षक स्कीम।
आज ही
रजिस्टर करें
और पाएं मौका
अनेको उपहार
जीतने का
नॉटः- ऊपर दर्शायी गई फोटो सिर्फ उपहार को दर्शाने हेतु है मिलने वाला उपहार इनमे से भिन्न हो सकता है : रंग मॉडल इत्यादि।
टोल फ्री नम्बर : 1-800-572-5795
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
www.harrisonlocks.com | email : Info@harrisonlocks.com
9355-015-108

# हरीसन

www.harrisonlocks.com

## हरीसन लाक्स ने श्रीराम मंदिर के लिए भेंट किया 50 किग्रा का ताला



सांसद सतीश गौतम को अयोध्या के लिए ताला भेट करते ग्रुप आफ हरीसन सीएमडी उमंग मोंगा (सांसद के दाएं), आइआइए अलीगढ़ चेप्टर के चेयरमैन मनीष बंसल व अन्य सौ. कंपनी

जासं, अलीगढ़ : ग्रुप आफ हरीसन के सीएमडी उमंग मोंगा ने बुधवार को मैरिस रोड स्थित एक होटल में आयोजित कंपनी के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद सतीश गौतम को अयोध्या में राम मंदिर के लिए 50 किलोग्राम वजन का ताला भेंट किया। इस कंपनी ने विभिन्न साइज व वैरायटी के छः डिजिटल लॉक्स लांच किए हैं। हरीसन शहर की पहली ऐसी कंपनी है, जिसने डिजिटल लॉक्स लांच किया है।

उमंग मोंगा ने कहा कि डिजिटल लॉक ताला नगरी स्थित प्लांट में तैयार किए जाएंगे। फुली आटोमेटिक प्लांट में कंपनी के युवा इंजीनियरों की टीम ने इन डिजिटल लॉक्स को लांच किया है। फिंगर प्रिंट, आंखों की पुतली के स्केन करने व मोबाइल में पासवर्ड डालने पर यह खोले जा सकते हैं। कंपनी इन उत्पादों की पूरी तरह सुरक्षा का भरोसा देती है। सांसद ने उद्यमियों को सरकार की ओर से हर संभव मदद का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि अलीगढ़ में उद्योग क्रांति आई हुई है। इसके लिए निजी हार्डवेयर पार्क, गभाना के ख्यामई स्थित नया औद्योगिक क्षेत्र, डिफेंस कारिडोर तैयार किया जा रहा है। इस मौके पर इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन अलीगढ़ चैप्टर के चेयरमैन मनीष बंसल, उद्यमी सरदार सरबजीत सिंह, शशांक गर्ग, हरीसन ग्रुप की अनिल लॉक्स कंपनी के सीईओ संजय जैन, डीसीएफओ अभिषेक सक्सेना, कंपनी के चीफ आडिटर अभिनव अग्रवाल, वरिष्ठ अकाउंटेंट नत्थी लाल शर्मा मौजूद रहे।





## प्रशिक्षण एवं पुरस्कार

हरीसन आगे बढ़कर लगातार महासम्मेलनों का आयोजन कर रहा है, जो कारपेंटर्स और उनके समूहों के लिए महत्वपूर्ण हैं। इन महासम्मेलनों में स्थानीय कारपेंटर्स को एक साथ आने और अपने अनुभवों, विचारों, और कौशलों को साझा करने का मौका मिलता है।

ये महासम्मेलन सामूहिक समर्थन, साझेदारी, और कौशल को बढ़ावा देने का एक माध्यम प्रदान करते हैं। विभिन्न विषयों पर आयोजित किए जाने वाले कार्यशालाओं और व्याख्यानों के माध्यम से, कारपेंटर्स नई तकनीकों और उत्पादों के साथ अवगत होते हैं, जिससे उन्हें उनके काम में सुधार करने का अवसर मिलता है।











EURO
7000
से बनेगा
पक्का जोड़, हमेशा।
EURO
7000
WP
2in1
WATERPROOF ADHESIVE
पक्का जोड़
HAMESHA
Zubaan
Ke
पक्के
ReWards
SCAN KIJIYE
GET IT ON
Google Play
Available on the
App Store


AIPL ABRO®
A TRUSTED NAME WORLDWIDE®
AIPL 25 YEARS OF EXCELLENCE
CELEBRATING TRUST
पकड़ शानदार,
काम जानदार
• High Thickness & Good Holding Power
• No Adhesive Residue After Removal
• Strong Solvents And Paints Resistant
AIPL ABRO
HIGH PERFORMANCE MASKING TAPE
6123
150*+ MICRONS
135*+ MICRONS
AIPL ABRO®
3123 MASKING TAPE
बेहतर फिनिश
FOR PAINTERS & CARPENTERS
HIGH-PERFORMANCE MASKING TAPES
AIPL ZORRO PVT. LTD.
302, 3rd Floor, D-Mall, Netaji Subhash Place, Pitampura, Delhi-110034
In case of consumer complaint contact Customer Care Executive
AIPL ZORRO PVT. LTD.: Address as above
Contact No.: 011-49010144, Whatsapp No.: +917827937302, E-mail : info@aiplabro.com
TOLL-FREE NO
1800 27 40409
www.aiplabro.com

# पीएम विश्वकर्मा योजना से कारीगर बनेंगे आत्मनिर्भर

## अंकुश रेवाड़िया को विश्वकर्मा समाज रत्न सम्मान

**मुंबई। भाजपा मुंबई महामंत्री संजय उपाध्याय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि देश के पारंपरिक कारीगर आत्मनिर्भर बनने के साथ व्यवसायिक प्रतियोगिता में भी आगे रहे। देश के कारीगरों को लाभ देने के लिए 13000 करोड़ रुपए बजट के साथ शुरू की गई पीएम विश्वकर्मा योजना देश के पारंपरिक कारीगरों के लिए वरदान साबित होगी। मालाड (पश्चिम) बजाज हॉल में कारपेंटर्स वेलफेयर असोसिएसन की ओर से आयोजित वार्षिक समारोह 'एक शाम कारपेंटरों के नाम' समारोह में उपाध्याय ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को आर्थिक मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के वर्षों बाद भी कारीगर समुदाय को उपेक्षित रखा गया। मोदी सरकार की ओर से शुरू की गई पीएम विश्वकर्मा योजना से देश के लाखों कारीगरों का उत्थान होगा।**



यूपी के पूर्व शिक्षा मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा ने कहा कि विश्वकर्मा समाज को एक बड़ी आबादी होने के बावजूद अब तक इस समाज को राजनैतिक भागीदारी नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि सभी राजनैतिक दलों ने विश्वकर्मा समाज को हासिये पर डाल दिया है, इसलिए विश्वकर्मा समाज के स्वाभिमान की लड़ाई हमें मिलकर लड़नी होगी।

मुंबई कांग्रेस उत्तर भारतीय प्रकोष्ठ के कार्याध्यक्ष अवनीश तीर्थराज सिंह ने कहा कि देश के विकास में विश्वकर्मा समाज का अहम योगदान है। इस समाज के बिना हम सुखमय जीवन की कल्पना नहीं कर सकते। इमारत निर्माण से लेकर घरों की आंतरिक साज सज्जा इसी समाज के द्वारा की जाती है। राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस मुंबई अध्यक्ष व श्री सिद्धि विनायक मंदिर के ट्रस्टी सुनील गिरी ने कहा कि विश्वकर्मा समाज को अपनी मेहनत पर भरोसा है। इस समाज ने मुंबई को संवारने का काम किया है। इस अवसर पर भाजपा ओबीसी मोर्चा मुंबई अध्यक्ष व प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना मुंबई संयोजक नरेंद्र गांवकर ने कारीगर समुदाय से पीएम विश्वकर्मा योजना से जुड़ने की अपील की। समारोह में अंकुश हीरालाल रेवाड़िया, नागपुर को उत्कृष्ट सामाजिक योगदान के लिए 'श्री विश्वकर्मा समाज रत्न' से सम्मानित किया गया।

ओजोन हार्डवेयर, जॉली सीमेंट बोर्ड और यूरो एडहेसिव प्रायोजित इस कार्यक्रम में लोक गायक राकेश तिवारी ने सम सामयिक गीत प्रस्तुत किया, जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा। संस्था के अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण विश्वकर्मा ने संस्था के गतिविधियों पर प्रकाश डाला। महामंत्री दिनेश विश्वकर्मा ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक गंगाराम विश्वकर्मा ने किया। समारोह को सफल बनाने में योगेश विश्वकर्मा, रामलाल विश्वकर्मा, गुलाब विश्वकर्मा, मोतीलाल विश्वकर्मा, हेमंत विश्वकर्मा, वकील विश्वकर्मा, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, रामजी विश्वकर्मा, राजन विश्वकर्मा, दीनानाथ विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा, कन्हैयालाल विश्वकर्मा, जनार्दन विश्वकर्मा, महेंद्र यादव, संजय विश्वकर्मा, दिनेश विश्वकर्मा, रामबहादुर विश्वकर्मा, शैलेश विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा हार्डवेयर आदि का विशेष सहयोग रहा।














जॉली सीमेंट बोर्ड के मैनेजिंग डायरेक्टर अर्जुन जॉली ने कहा कि जॉली सीमेंट बोर्ड की नई फैक्टरी छत्रपति संभाजी नगर ( औरंगाबाद ) में सन 2020 –21 के दौरान शुरू हुई। इस फैक्टरी में सीलिंग टाइल्स, सीमेंट सीट/ बोर्ड, डिजाइन बोर्ड आदि का निर्माण किया जाता है। कंपनी की जनरल मैनेजर अनिशा नागपाल ने जॉली सीमेंट बोर्ड की उपयोगिता की जानकारी देते हुए कहा कि यह उत्पाद आग व गर्मी प्रतिरोधक है। दीमक व कीट रोधी होने के साथ यह जल प्रतिरोधी भी है। प्लाईवुड से कम कीमत वाले इस उत्पाद को किसी भी मौसम में इंटीरियर और एक्सटीरियर दोनों में उपयोग लाया जा सकता है। इस अवसर पर सेल्स मैनेजर मिलिंद देशमुख, वितरक वसई टिंबर के आर्य सेजपाल ने भी उत्पाद के बारे में विस्तृत जानकारी दी।







ओजोन हार्डवेयर फिटिंग्स के रीजनल सेल्स मैनेजर पुनीत काठपाल ने कहा कि ओजोन भारत में हार्डवेयर सॉल्यूशन का नामी मैन्युफैक्चरर है। ओजोन को हाई – क्वालिटी और इनोवेशन के लिए जाना जाता है। कस्टमर की जरूरतों के हिसाब से आधुनिक डिजाइन उपलब्ध करवाना कंपनी की प्राथमिकता है। फर्नीचर,डिजिटल लॉक्स,ग्लास फिटिंग्स,दरवाजे,रेलिंग्स,किचन फिटिंग्स ओजोन के सारे प्रोडक्ट्स इनोवेशन की नई परिभाषा गढ़ते हैं। इस अवसर पर ओजोन कंपनी के ब्रांड मैनेजर सुनील भट्ट, असिस्टेंट ब्रांड मैनेजर मेघना सोनी भी उपस्थित रही।




यूरो एडहेसिव के ब्रांच मैनेजर अरुण लाडे ने कहा कि फर्नीचर इंडस्ट्री में अपने गुणवत्ता, प्रामाणिकता व टिकाऊपन के कारण यूरो एडहेसिव कारपेंटरों का पसंदीदा एडहेसिव ब्रांड बन गया है। उन्होंने कहा कि गुजरात के अहमदाबाद में ज्योति रेजिंस एंड एडहेसिव लि. लोकप्रिय ब्रांड यूरो एडहेसिव का उत्पादन करती है। यूरो एडहेसिव के सारे उत्पाद विशेष मार्केटिंग टीम के माध्यम से देश के हर राज्य में पहुंचाए जा रहे हैं। हर रिटेल शोरूम में यूरो एडहेसिव की उपलब्धता कंपनी की प्राथमिकता है। इस अवसर पर यूरो एडहेसिव के बी डी एम रमेश सोलंकी ने कंपनी की ओर से कारपेंटरों के लिए शुरू किये गए कारपेंटर लॉयल्टी प्रोग्राम के बारे में जानकारी दी।

# जब कारपेंटर से एक्शन कोरियोग्राफर बने वीरू देवगन

**मुंबई। फिल्म अभिनेता अजय देवगन सौ से ज्यादा फिल्मों में काम कर चुके हैं। उनकी कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा चुकी है। वे एक सफल अभिनेता के तौर पर जाने जाते हैं लेकिन वे इसका क्रेडिट अपने पिता वीरू देवगन को देते हैं। कॉफी विद करण सीजन के नौवें एपिसोड में करण जौहर के साथ बातचीत में एक्टर ने शेयर किया कि कैसे उनके दिवंगत पिता एक नॉर्मल इंसान से एक पॉपुलर निर्देशक और एक्शन कोरियोग्राफर बने। जब अजय देवगन करण जौहर के साथ खुलकर बातचीत करने बैठे तो उन्होंने अपने दिवंगत पिता वीरू देवगन के बारे में बहुत कुछ बातें बताईं। इस कार्यक्रम में फिल्ममेकर रोहित शेट्टी भी शामिल रहे।**



करण जौहर ने अजय देवगन से पूछा कि क्या उन्हें लगता है कि उनके पिता वीरू देवगन को फिल्म इंडस्ट्री में सम्मान मिला। अभिनेता ने बिना रुके कहा बेशक। इसके बाद उन्होंने बताया कि कैसे उनके पिता बहुत कम उम्र में अपने घर से भाग गए थे और उस समय के दिग्गज एक्शन निर्देशकों में से एक ने उन्हें देख लिया था। दृश्यम अभिनेता ने बताया कि जब वह 13 साल के थे तो उनके पिता पुराने पंजाब में अपने घर से भाग गए थे। वह बिना ट्रेन टिकट के मुंबई आ गए और उन्हें सलाखों के पीछे भी डाल दिया गया। उनके पास कोई काम नहीं था, इसलिए वे खाने को मोहताज थे, लेकिन एक व्यक्ति ने उनकी मदद की और उनसे कहा कि अगर वह उसमें सोना चाहता है तो उसे अपनी कैब को हर दिन धोना होगा।

अजय ने खुलासा किया कि उन्होंने वहां से शुरूआत की और बाद में कारपेंटर बन गए। फिर वे सायन-कोलीवाड़ा इलाके के गैंगस्टरों में से एक बन गए। वे कारपेंटर भी थे और गैंगवार भी होती रहती थी। एक दिन एक बहुत वरिष्ठ एक्शन डायरेक्टर रवि खन्ना वहां से गुजर रहे थे और वहां सड़क पर लड़ाई चल रही थी। इसलिए उन्होंने कार रोकी और लड़ाई के बाद मेरे पिताजी को बुलाया और पूछा कि आप क्या करते हैं। उन्होंने कहा कि मैं एक कारपेंटर हूं तो उन्होंने एक बहुत अच्छी लाइन कही, 'तू लड़ता अच्छा है, कल आकर मुझसे मिलना और उन्हें एक फाइटर बना दिया।' वहीं से उन्होंने शुरूआत की थी। वीरू देवगन 200 से अधिक भारतीय फिल्मों से जुड़े रहे हैं जिनमें रोटी कपड़ा और मकान, मिस्टर नटवरलाल, फूल और कांटे, राम तेरी गंगा मैली और कई अन्य शामिल हैं। अजय देवगन के पिता ही नहीं, उनकी मां वीणा भी इंडस्ट्री में एक प्रसिद्ध फिल्म निमार्ता थीं।

# मजदूरों की अनदेखी कर रही है झारखंड सरकार



**मुंबई।** राणा विश्वकर्मा सेवा समिति व झारखंड सेल के पदाधिकारियों ने झारखंड सरकार पर मजदूरों के साथ उपेक्षापूर्ण व्यवहार करने का आरोप लगाया है। झारखंड विश्वकर्मा सेवा समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष प्रेम राणा ने कहा कि मुंबई में बड़ी संख्या में झारखंड राज्य के मजदूर काम करते हैं लेकिन झारखंड राज्य सरकार की ओर से उनके सामाजिक हितों की अनदेखी कर दी जाती है। राणा ने बताया कि 4 दिसंबर को नालासोपारा में रहने वाले मजदूर कन्हाई कुमार राणा की असामयिक मृत्यु हो गई। वह अपने पत्नी व एक वर्ष के बच्चे के साथ रहता था। उसके परिवार को मुंबई से उसके गृहनगर भेजने और आर्थिक सहायता देने के लिए झारखंड राज्य सरकार से गुहार लगाई गई लेकिन बात को नहीं सुनी गई। संस्था के लोगों ने पीड़ित परिवार को उसके मूल निवास ग्राम कड़मदिरी, पंचायत कबरा टंडवा भेजने के साथ आर्थिक सहायता भी दी। संस्था के पदाधिकारी कामदेव राणा, सुरेश राणा, रामस्वरूप राणा, सीताराम राणा, जयप्रकाश राणा, झारखंड सेल के सुभाष कुमार सिंह, सिकंदर कुमार सिंह, मिथिलेश दांगी,सुमन रजक, शंभू राणा, अशोक राणा, सुखलाल राणा, जागेश्वर राणा, बालेश्वर राणा, सुखदेव राणा, जेठालाल राणा, मटुक राणा, शंकर राणा आदि ने योगदान दिया।

# विश्वकर्मा समाज के उत्थान के लिए सरकार संकल्पित

**वाराणसी।** विश्वकर्मा समाज के लोगों ने देश की आजादी से लेकर अब तक हमेशा अपनी उपयोगिता को साबित किया है। इस समाज के लोग परंपरागत रूप से कुशल कारीगर होते हैं। देश के पीएम और यूपी के सीएम विश्वकर्मा समाज के उत्थान के लिए संकल्पित हैं। चंदौली सदर विकासखंड के नरसिंहपुर खुर्द गांव में विश्वकर्मा गौरव सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्रनाथ पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से विश्वकर्मा समाज के लोगों का सामाजिक और आर्थिक उत्थान तेजी से होगा। वाराणसी के भाजपा जिलाध्यक्ष विधायक हंसराज विश्वकर्मा ने कहा कि



विश्वकर्मा समाज को सही सम्मान भाजपा ही दे सकती है। इस अवसर पर आजमगढ़ के भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा, विधायक कैलाश आचार्य, विजय विश्वकर्मा, कालिका विश्वकर्मा, काशीनाथ सिंह आदि उपस्थित रहे।




Excellence in Security Hardware and Locking Solutions Award 2023

# FROM THE DESK OF C.E.O.

Suzu Steel (India) is one of the leading Companies of India who pioneered in manufacturing of Locks & Door hardware Fittings. Suzu brand was established in 1986 under the guidance of Mr. Sushil Bansal and Mr. Brijbhushan Bansal from Rohtak (Haryana). The company has made tremendous progress in terms of adding manufacturing plants as well as penetrating market all over India. We are proud to see that Mr. Animesh Bansal, Director & Mr. Sachin Bansal, Director both are very progressive and positive about the future of SUZU brand in India. Their guiding force during last few years, company has developed more than 400 direct distributors and wholesalers catering to every corner of India and more than 20000 retailers where SUZU is providing quality products services. We are doing well into the Government , Builders & institutions sectors. During last 3-4 years company has expanded in various ranges in exports all over the world.

SUZU means Quality and appreciated in trade, Institutionals, Government Departments & International Client.

We are continuously improving our Quality, Services and multiplying our network worldwide.

We are aiming to give our presence within Top 4 Hardware brands of India in next 5 years time.

We sincerely thank all our clients, trade partners & consumers for patronizing SUZU brands for their needs of locks & door hardware items.

www.suzusteel.com | www.suzu.in | Find us on : Facebook Twitter Google Play App Store


E3 PVC EDGE BAND TAPE
कारपेंटर भाइयों की पहली पसंद
भारत में निर्मित
रहे हमेशा नई जैसी
New
लगाने में आसान, कभी न उतरे
बचाए आपके फर्नीचर को पानी और दीमक से
1st INDIAN MANUFACTURER IN WORLD CLASS QUALITY
E3
elegant | everlasting | economical
+91 70251 70251 | info@e3panels.com | www.e3panels.com
DEALERS ENQUIRY SOLICITED FOR PAN INDIA


OZONE®
FOR A SAFER WORLD
सिक्योरिटी प्रोडक्टस
एंड डोर हार्डवेयर
स्मूथ
डोर फिटिंग्स
के साथ स्मार्ट
सिक्योरिटी
कंसिल्ड 3 डी हिंज
सिज़र आर्म डोर क्लोजर्स
डोर हेंडल्स
स्मार्ट लॉक्स
ट्रैक आर्म डोर क्लोज़र्स
+91-9310012300 | WWW.OZONE-INDIA.COM
FOLLOW US ON
स्कैन करें
कम्पलीट रेंज
देखने के लिए

OZONE®
FOR A SAFER WORLD

किचन और फर्निचर फिटिंग्स

# लोड ले सालों चले





हम सब संभाल लेंगे


अर्गोटेक स्लिम ड्रावर सिस्टम


अर्गोटेक स्टैंडर्ड ड्रावर सिस्टम


अन्डरमाउंट टेलीस्कोपिक चैनल


वाइड ओपनिंग कॉर्नर हिंजस

15 साल तक की वारंटी*

100 किलो तक वजन उठाने की क्षमता

सॉफ्ट क्लोज में उपलब्ध

50,000* साइकल्स टेस्टेड प्रोडक्ट्स

पूर्ण ओज़ोन प्रोडक्ट्स की जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

किचन फिटिंग्स की जानकारी के लिए, संपर्क करें: 09310012300

*नियम व शर्तें लागू